भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 685
06 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

मत्स्यन बंदरगाह का उन्नयन

685. एडवोकेट अद्दूर प्रकाशः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या केन्द्र सरकार ने केरल राज्य को केन्द्रीय जल और विद्युत अनुसंधान केन्द्र (सीडब्ल्यूपीआरएस) द्वारा किए गए अध्ययनों के सुझावों को शामिल करते हुए मुथलपोझी मत्स्यन बंदरगाह के उन्नयन हेतु संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निदेश दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केन्द्र सरकार को तदनुसार संशोधित प्रस्ताव प्राप्त हो गया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है और यदि नहीं, तो इस पर राज्य की क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क) से (ग): केरल सरकार ने 50 करोड़ रुपये की लागत से मुथलप्पोझी में मौजूदा मुथलप्पोझी फिशिंग हार्बर के उन्नयन के लिए एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है और प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत केंद्रीय वित्तीय सहायता मांगी है । इस प्रस्ताव की जांच मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के मत्स्यपालन विभाग द्वारा गठित मात्स्यिकी अवसंरचना परियोजना की तकनीकी जांच समिति (टीएससीएफआईपी) के माध्यम से की गई है । जांच के बाद, 18 अक्टूबर 2023 को आयोजित मात्स्यिकी अवसंरचना परियोजना की तकनीकी जांच समिति की बैठक में मत्स्यपालन विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने केरल सरकार को सेंट्रल वॉटर एंड पावर रिसर्च स्टेशन (सीडब्ल्यूपीआरएस), पुणे द्वारा किए गए अध्ययनों से प्राप्त सुझावों को शामिल करने के बाद मुथलप्पोझी फिशिंग हार्बर के उन्नयन के लिए संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत करने की सलाह दी है।

केरल सरकार ने बताया है कि सीपीडब्ल्यूआरएस, पुणे ने केरल सरकार को एक मसौदा प्रारंभिक मॉडल अध्ययन रिपोर्ट सौंपी है और अध्ययन के निष्कर्षों पर दिसंबर, 2023 में आयोजित एक बैठक में स्थानीय मछुआरों और अन्य हितधारकों के साथ चर्चा की गई है और केरल राज्य सरकार ने हितधारक परामर्श के दौरान उभरे सुझावों को अंतिम मॉडल अध्ययन रिपोर्ट में शामिल करने के लिए सीडब्ल्यूपीआरएस को सूचित किया है ।

*****